न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
27.05.2026	प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण मुकदमा संख्या 86/2025 वीरेश बनाम कमलेश व अन्य पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी श्री इन्द्रजीत कुण्डारा उपस्थित। अधिवक्ता प्रार्थी द्वारा निवेदन किया कि विचाराधीन प्रकरण में न्यायालय सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक)बांदीकुई के तत्कालीन पीठासीन अधिकारी श्री रामसिंह राजावत का स्थानान्तरण हो चुका है। ऐसी स्थिति में प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण को आगे चलाये जाने का कोई औचित्य नहीं है। पत्रावली का अवलोकन किया गया एवं अधिवक्ता प्रार्थी के कथन पर मनन किया गया। विचाराधीन प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण श्री रामसिंह राजावत सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक)बांदीकुई के विरूद्ध पेश किया गया है। पीठासीन अधिकारी श्री रामसिंह राजावत का स्थानान्तरण हो चुका है। इसलिये प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण सारहीन हो जाने से इसी स्तर पर खारिज किये जाने योग्य है। अतः न्यायालय सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक)बांदीकुई में विचाराधीन प्रकरण संख्या 122/2017 दर्ज संख्या 229/2022 दावा तकास्मा एवं स्थायी निषेधाज्ञा उनवानी महेन्द्र कुमार बनाम सिंगारी देवी को अन्य सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरण करने हेतु प्रार्थी वीरेश कुमार पुत्र बाबूलाल जाति बैरवा निवासी श्यालावास कलां वार्ड नं. 4 बांदीकुई तहसील बांदीकुई जिला दौसा द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अधीनस्थ न्यायालय सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) बांदीकुई को भिजवाई जावे। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर नम्बर से कम हो एवं बाद पूर्ति प्रविष्ठ अभिलेखागार की जावे। निर्णय आज दिनांक 27.05.2026 को मेरे द्वारा खुले न्यायालय में सुनाया गया। 27/5 (अरविन्द शर्मा) अति. जिला कलक्टर,दौसा	